जरूरतमंदों को खाना देते हुए एसपी सिटी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया 61 हजार का चौक

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय योग संस्थान की नगर इकाई के तत्वावधान में अन्य लोगों को जागरूक करने के उददेश्य से कोरोना राहत के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष एवं मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अलग अलग धनराशि का चौक मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को भेंट किया। इस अवसर पर संरक्षक राधेश्याम जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री राहत कोष के लिए 61 हजार रूपये का चौक एवं मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 51 हजार का चौक प्रदान किया गया है।

### दिहाड़ी मजदूरों के 42 परिवारों को वितरित किया राशन

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढ़त बाजार की प्रबंधक कमेटी ने जरूरतमंद दिहाड़ी मजदूरों के 42 परिवारों को इस दु:ख की घड़ी में राशन प्रदान किया, ताकि उन परिवारों का चूल्हा जलता रहे। यहां कोरोना संक्रमण की बढ़ते प्रभाव के कारण हुए लाक डाउन में दिहाड़ी मजदूरों का कामकाज ठप्प होने के कारण भोजन के लाले पड़ गए हैं जिनको गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राशन प्रदान कर रहा है।

### किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को लिखी पाती

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वनाधिकारों को लेकर लम्बे समय से संघर्षरत किशोर उपाध्याय ने लॉकडाउन में देश, विदेश में फँसे उत्तराखंडियों के बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें वापस लाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है, उपाध्याय ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर फँसे लोगों को भी अपने घर जाने की अनुमति देने हेतु लिखा है। उपाध्याय ने मुख्यमन्त्री से कहा है कि "देश के विभिन्न भागों में उत्तराखंड के आपके लोग फँसे हुये हैं। आज ही एक समाचार पत्र ने उनकी संख्या 20 हजार अनुमानित की है और लगभग 60 हजार उत्तराखंडी अपने प्रदेश वापस आ गये हैं।

### कांग्रेसजनों ने लोगों को बांटे मॉस्क

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेसजनों ने मलिन बस्ती बिंदाल वाला एवं चुक्खुवाला अन्य क्षेत्रों मे लोगो को कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को मॉस्क वितरित किये और इस अवसर पर कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वार्ड नम्बर 17 कांग्रेस पार्षद अर्जुन सोनकर, पूर्व संयोजक मोहन कुमार काला, महामंत्री नीरज नेगी, महासचिव गोपाल कृष्ण, पुनीत वाधवा, व्यापार अध्यक्ष सुनील बंग्गा के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने मलिन बस्ती बिन्दाल वाला एवं चुक्खूवाला सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों को मॉस्क वितरित किये और इस वायरस से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की।

## 30 अप्रैल तक करना होगा बीएस-4 श्रेणी के वाहनों का पंजीकरण

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में बीएस–फोर श्रेणी के वाहनों के पंजीकरण के लिए संभागीय और सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय खोले जाएंगे। हालाकि, इस अवधि में कार्यालय में पंजीकरण को छोड़ शेष कार्य नहीं होंगे। परिवहन मुख्यालय ने सभी संभागीय और उपसंभागीय कार्यालयों के अधिकारियों को इस अवधि में अनिवार्य स्टाफ को बुलाने के लिए संबंधित जिलाधिकारी कार्यालयों से अनुमति लेने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार परिवहन विभाग को 30 अप्रैल तक हर हाल में बीएस–फोर श्रेणी के वाहनों का पंजीकरण करना है। इस अवधि के बाद इन वाहनों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा।

लॉकडाउन की अवधि बढ़ने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। अब जबकि केंद्र ने 20 अप्रैल से सभी उद्योगों और आवश्यकता के अनुसार कुछ कार्यालयों में काम करने की छूट दी है तो परिवहन विभाग भी सक्रिय हो गया है। आयुक्त परिवहन शैलेश बगोली ने वाहनों के पंजीकरण के लिए सभी कार्यालयों को आवश्यक कर्मचारियों के साथ पंजीकरण कराने के लिए खोलने को कहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान डीलर अपने प्रतिनिधियों के पास स्वयं बना कर कार्यालय भेजेंगे। केवल उन्हीं वाहनों का पंजीयन किया जाएगा, जिसकी सूची सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भेजी गई है। 30 अप्रैल की शाम ऐसे सभी पंजीकृत वाहनों की सूची बनाकर परिवहन मुख्यालय को भी भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार रियायतें दी जाए

**निर्देश**

## मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में कोविड–19 पर नियंत्रण एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार रियायतें दी जाए। कोविड–19 के मामले पूरे भारत में जहां औसतन 7.5 दिनों में दोगुने हो रहे हैं, वहीं उत्तराखंड में 26.6 दिन में दोगुना हो रहे हैं। इस दृष्टि से उत्तराखंड कहीं बेहतर स्थिति में है। इस दृष्टि से कोरोना संक्रमण रोकने में उत्तराखंड तीसरे स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, सफाई एवं पुलिस के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया एवं प्रदेश में कोविड–19 के नियंत्रण के लिए जन सहयोग की भी प्रशंसा की।



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोरोना वारियर्स का माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर या बुके देकर सम्मान किया जा रहा है, इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कराया जाए। कोरोना वारियर्स का सम्मान दूर से पुष्प वर्षा से किया जा सकता है। इसके अलावा लोगों को जो सामान वितरित किया जा रहा है वितरित करने वाले लोगों के साथ फोटो ना खींचे एवं सोशल डिस्टेंशन का पूरा पालन हो। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र कहा कि छोटे व्यवसायियों एवं स्थानीय लोगों की आय का सृजन कैसे हो इसके लिए कार्य योजना बनाई जाए। कृषि कार्यों के लिए भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार अनुमति दी जाए। स्मार्ट सिटी के के कार्य भी कम मैन पावर के साथ शुरू किए जा सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह, प्रमुख सचिव श्रीमती मनीषा पवार, डीजीपी श्री अनिल कुमार रतूड़ी, सचिव श्री अमित नेगी, श्री नितेश झा, श्रीमती राधिका झा आदि उपस्थित थे।

# 1100 परिवारों को राशन किया गया वितरित

**सेवा कार्य**

- मोदी फूड्स के वाहनो को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देहरादून। **संवाददाता**

बुधवार को भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं दर्जाधारी कैबिनेट मंत्री नरेश बंसल एवं मसूरी विधायक गणेश जोशी ने मोदी फूड्स के वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोदी फूड्स के इन वाहनो के माध्यम से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के हरियावाला खुर्द, जैंतनवाला, हल्दुवाला, नागनाथ, घंघोड़ा एवं चाँदमारी सहित चालंग व कैनाल रोड़ में 1100 से अधिक परिवारों को राशन वितरित किया गया।



चाँदमारी में जरूरतमंद लोगों को राशन वितरण करने के बाद विधायक गणेश जोशी ने कहा कि आटा, चावल, दाल, चीनी, मसाले, तेल आदि की 1100 किट वितरित की गयी है। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार सेवा कार्य किया जा रहा है। मोदी किचन के माध्यम से सात हजार लोगों को रोज भोजन करवाया जा रहा है।

विधायक जोशी ने बताया कि मोदी किचन जाखन में 900, डोभालवाला में 650, राजपुर में 2100, गढ़ी कैंट में 800 एवं मसूरी में 750 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। उन्होनें कहा कि मोदी किचन के माध्यम से लगातार सहवो कार्य जारी है और गरीब लोगों को भरपूर मदद की जा रही है।

बीस सूत्रीय क्रियान्वयन कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं दर्जाधारी कैबिनेट मंत्री नरेश बंसल ने विधायक जोशी को बधाई दी और कहा कि संकट की इस घड़ी में सेवा कार्य करना बहुत अच्छा काम है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा इस समय बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुण्डीर, संध्या थापा, रामबहादुर, सचिन, प्रदीप रावत, डा. बबीता सहौत्रा, पार्षद सत्येन्द्र नाथ, अनुराग, पूर्व प्रधान नैन सिंह, सविता आदि उपस्थित रहे।

## दून अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की मौत, कोरोना जांच को भेजा सैंपल

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आइसीयू में भर्ती एक युवक और एक बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई है। कोरोना की आशंका के चलते दोनों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर ही इनके शव परिजनों के सुपुर्द किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय एक युवक को मंगलवार की दोपहर कोरोनेशन अस्पताल से दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। युवक को बदन दर्द, बार–बार चक्कर आने की शिकायत थी। दून अस्पताल में उसे आइसीयू में रखा गया था। वह मूल रूप से नैनीताल का रहने वाला था और यहां एक प्राइवेट स्कूल में खाना बनाने का काम करता था। इसके अलावा 65 वर्षीय बुजुर्ग को सोमवार को अस्पताल में भर्ती किया गया। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी। बताया गया कि 21 मार्च को वह दुबई अपने बेटे के पास से लौटे थे। दिल्ली में उन्हें 14 दिन संस्थागत क्वारंटाइन में रखा गया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।